This question paper contains 4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक........................

2623

B.A. (Programme)/I **D-I**

HINDI DISCIPLINE—Paper I

(हिंदी अनुशासन)

(हिंदी कविता, नाटक तथा हिंदी कविता का प्रवृत्तिगत इतिहास)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. किन्हीं **दो** काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 12+12

(क) अविगत गति कछु कहत न आवै ।

ज्यों गूंगे मीठे फल कौ रस अन्तरगत ही भावै ॥

परम स्वाद सबही सु निरंतर अमित तोष उपजावै ॥

मन बानी को अगम अगोचर सो जानै जो पावै ।

रूप रेख गुण जाति जुगति बिनु निरालम्ब कित धावै ॥

सब बिधि अगम बिचारहिं तातै सूर सगुन पद गावै ।

P.T.O.

(ख) (*i*) स्वारथु, सुकृत न, श्रमु वृथा, देखि, विहंग बिचारि।

बाज, पराए पानि परि, तूँ पच्छी हुँ न मारि ॥

(*ii*) नर की अरु नल-नीर की, गति एकै करि जोइ।

जैतौ नीचौ ह्वै चलै, तेतौ ऊंचो होइ ॥

(ग) यह धरती है उस किसान की,

जो मिट्टी का पूर्ण पारखी,

जो मिट्टी के संग साथ ही,

तपकर/गलकर/जीकर/मरकर

खपा रहा है जीवन अपना ।

2. कबीर सामाजिक चेतना के कवि हैं, विश्लेषण कीजिए । 10

अथवा

तुलसीदास के काव्य-शिल्प का विश्लेषण कीजिए ।

3. पाठ्यक्रम में निर्धारित काव्यांशों के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8

(*i*) कबीर के भक्ति भाव पर टिप्पणी कीजिए ।

(*ii*) भाव सौन्दर्य की दृष्टि से बिहारी के दोहों की समीक्षा कीजिए ।

(*iii*) वृंद काव्य में व्यक्त नीति तत्व पर प्रकाश डालिए ।

(*iv*) केदारनाथ अग्रवाल की कविता की मूल संवेदना क्या है ?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

हम जिएँगे हरिणशावक! जिएँगे न ? एक बाण से आहत होकर हम प्राण नहीं देंगे । हमारा शरीर कोमल है, तो क्या हुआ ? हम पीड़ा सह सकते हैं । एक बाण प्राण ले सकता है, तो उंगलियों का कोमल स्पर्श प्राण दे भी सकता है । हमें नए प्राण मिल जाएँगे ।

अथवा

मैं ऐसे व्यक्ति को अच्छी तरह समझती हूँ । तुम्हारे साथ उसका इतना ही संबंध है कि तुम एक उपादान हो, जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है, अपने पर गर्व कर सकता है । परंतु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो ? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्तव्य नहीं है ?

5. विलोम का चरित्र-चित्रण कीजिए । 15

अथवा

नाटकीयता की दृष्टि से 'आषाढ़ का एक दिन' की समीक्षा कीजिए ।

6. (क) रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । 15

अथवा

आदिकाल की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) संत काव्य की विशेषताएँ बताइए । 10

अथवा

नई कविता की विशेषताएँ बताइए ।